<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर क्षेत्रीय कार्यशाला 28 मार्च को, विशेषज्ञ देंगे तकनीकी जानकारी

पंतनगर। 27 मार्च 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं राष्ट्रीय जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक–दिवसीय क्षेत्रीय वृहत प्राकृतिक खेती परामर्श–सह–कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय गांधी हॉल में 28 मार्च, 2026 को प्रातः 11:00 बजे से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनमोहन सिंह चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। किसानों के हित में विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों से विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों से लगभग 800 कृषक सहभाग करेंगे। कार्यशाला के दौरान कृषकों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

निदेषक संचार